लखनऊ से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

स्वदेश राज

सबका साथ सबका विकास

मूल्य - 2.00 | लखनऊ, 15 अक्टूबर , 2026 गुरुवार | पृष्ठ 8 | वर्ष 11 | अंक 22 | RNI NO. UPHIN/2016/70358

प्रदेश में महिलाओ एवं बालिकाओ को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-6.0 का पुलिस आयुक्त,





प्रदेश में महिलाओ एवं बालिकाओ को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-6.0 का पुलिस आयुक्त, महोदय कमि0 प्रयागराज के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2026 को मिशन शक्ति फेज- 6.0 का जोन नगर, गंगानगर, यमुनानगर व रिजर्व पुलिस लाइन्स कमि0 प्रयागराज में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।आज दिनांक 13.10.2026 को एक दिवसीय कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी 30प्र0 महोदय द्वारा जनपद बरेली में आयोजित ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में देखा गया तथा ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदारों) के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी श्री नंद गोपाल नन्दी जी, मा0 जनप्रतिनिधि सांसद विधायकगण, मण्डलायुक्त महोदय, जिलाधिकारी महोदय, पुलिस आयुक्त महोदय, अपर पुलिस आयुक्त महोदय कानून एवं व्यवस्था/मुख्यालय, पुलिस उपायुक्तगण, अपर पुलिस उपायुक्तगण , सहायक पुलिस उपायुक्तगण प्रतिभाग किये और ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदारों) का मासिक मानदेय 2500 से 3500, कैशलेस इलाज 5 लाख तक का चिकित्सा सुविधा,गाँव में संदिग्ध गतिविधियां व जमीन पर अवैध कब्जा की सूचना, महिला सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण के लिये पुलिस कर्मियों तथा स्थानीय लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया। कमिश्नरेट प्रयागराज के 640 ग्राम प्रहरी/ग्राम चौकीदारों को सम्मानित किया गया तथा ट्रैफिक संचालन के माध्यम से ट्रैफिक नियमों के संचालन के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम में यातायात संचालन में नियोजित महिला पुलिस कर्मियो तथा NCC महिला कैडेट्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया तथा महिला सुरक्षा सम्बन्धी एक भव्य सम्मान/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मिशन शक्ति से सम्बन्धित प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गयी। इसी प्रकार जोन नगर, गंगानगर, यमुनानगर में मिशन शक्ति, महिला बीट एवं एन्टी रोमियो पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जो निम्नवत् हैं – जोन नगर – नाजरेथ हॉस्पिटल से हनुमान मंदिर सिविल लाइंस थाना, ARK टावर प्रीतम नगर थाना धूमनगंज,काली माता मंदिर भावापुर मार्केट, ललिता देवी मंदिर से बरगढ़ घाट तक थाना अतरसुइया, संभूनाथ इंस्टीट्यूट झलवा पीपलगांव थाना एयरपोर्ट, कालीबाड़ी मंदिर,आर्य कन्या डिग्री कॉलेज,सत्ती चौरा, इस्कॉन मंदिर बलुआ घाट थाना मुट्ठीगंज, NCC महिला कैडेट को ट्रैफिक पुलिस व थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा ट्रैफिक संचालन थाना पुरामुफ्ती,हाथी पार्क थाना सिविल लाइंस,।गुरु माधव प्रसाद कॉलेज राजरुपपुर थाना धूमनगंज, बड़ी बगिया दुर्गा पंडाल ईश्वर शरण थाना कर्नलगंज, मोतीलाल नेहरू कैंपस थाना जार्जटाऊन, बैहरामा से बांगड़ चौराहा थाना कीडगंज, पजावा चौराहा से एसएस खन्ना थाना अतरसुईया। जो न गंगानगर - ग्राम दोनाइया चौराहा थाना बहरिया,एक्सेल कॉन्वेंट स्कूल थाना सोरांव, सरायममरेज बाजार थाना सरायममरेज, कस्बा हंडिया में जंघई तिराहा से मानस हाल हंडिया,सीताराम इंटर कालेज बाबूगंज थाना फूलपुर, क्षेत्र के पंडालों थाना मऊआईमा,भागीपुर में थाना सरायइनायत, हिन्दू महिला इंटर कालेज सिविल लाइंस थाना सिविल लाइन, आर डी पब्लिक स्कूल थाना क्षेत्रांतर्गत नवाबगंज। जोन यमुनानगर- ग्राम चपरतला एवं बीट महिला चौपाल थाना ग्राम बारा, ब्लॉक से राम भवन चौराहा थाना शंकरगढ़,श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज, घटवा, थाना करछना, क्षेत्रांतर्गत थाना लालापुर, राजकीय इंटर कॉलेज सुरवादलापुर थाना मांडा, स्कूल बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज, मेजा रोड थाना माण्डा, गोपाल विद्यालय कस्बा कोरांव, क्षेत्र में पूजा पंडालो व महिला चौपाल थाना करछना, ।एंटी-रोमियो स्क्वॉड व महिला बीट/मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, द्वारा फुट पैट्रोलिंग तथा पीआरवी द्वारा पैट्रोलिंग ,कर नवरात्रि में विभिन्न-मन्दिरों , धार्मिक स्थलो , मेलो एवं अन्य सार्वजनिक स्थलो, स्कूल कॉलेज ,भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रो में चौराहो पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती कर पूजा पण्डालो मे महिला चौपाल का आयोजन कर एण्टी रोमियो स्क्वॉड द्वारा सघन अभियान चलाते हुए शोहदो के विरुद्ध मौके पर ही कठोर कार्यवाही हेतु तैनात किये गये पुलिस कर्मियो की काउंसिलिंग करते हुए उन्हे जन सामान्य के साथ मर्यादित व्यवहार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं। के न्द्र / राज्य सरकार की विभिन्न हेल्प लाइन नं0 वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओ के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्प लाइन 1930, तथा मिशन शक्ति केन्द्र का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक महिलाओ एवं बालिकाओ को इस सुविधा का लाभ प्राप्त कराने के लिए मिशन शक्ति केन्द्रो में थाना क्षेत्र की विभिन्न वर्गो की महिलाओ को आमंत्रित कर मिशन शक्ति केन्द्र के कार्यों , उद्देश्यो तथा इस केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओ के संबध में प्रतिदिन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर गुड-टच, बैड-टच, महिला सुरक्षा , सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कर सार्वजनिक स्थल, संवेदनशील, हॉट स्पाट पर पुलिस की व्यापक फुट पैट्रोलिंग तथा पीआरवी द्वारा फुट पैट्रोलिंग करायी जा रही हैं । तथा महिला अपराध रोकथाम हेतु विभिन्न कानूनो की व्यापक जानकारी देकर जागरुक किया/कराया जा रहा है । महिलाओ /बालिकाओं को केन्द्र/ प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं – मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बालिकाओं /महिलाओं को जागरूक किया गया।

किसान की जमीन पर संकट! सिंचाई योजना के काम में लापरवाही का आरोप, गरीब किसान की उपजाऊ मिट्टी बही





रामप्रसाद धनगर गुर्जर

किसान की जमीन पर संकट! सिंचाई योजना के काम में लापरवाही का आरोप, गरीब किसान की उपजाऊ मिट्टी बहीपिता को खोने के बाद परिवार का सहारा बने करण धनगर अब खेत के नुकसान से परेशान, प्रशासन से निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांगमंदसौर। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई बहुउद्देशीय सिंचाई योजना ग्राम पंचायत बर्दिया ऊंचा में एक गरीब किसान परिवार के लिए परेशानी का कारण बन गई है। किसान करण पिता स्व. शंभूलाल धनगर ने सूक्ष्म नहर (पाइपलाइन) निर्माण कार्य में ठेकेदार की कथित लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि खेत की उपजाऊ मिट्टी बह गई और जमीन में गहरा गड्ढा बन गया। इससे खेती करना मुश्किल हो गया है और परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। पिता की मौत के बाद कम उम्र में संभाली परिवार की जिम्मेदारी पीड़ित किसान करण धनगर के अनुसार, करीब 4–5 वर्ष पहले आकाशीय बिजली गिरने से उनके पिता का निधन हो गया था। पिता की मौत के बाद कम उम्र में ही परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी करण के कंधों पर आ गई। ऐसे कठिन हालात में खेती ही परिवार के जीवनयापन का प्रमुख सहारा है। लेकिन अब खेत की मिट्टी बहने और जमीन को नुकसान पहुंचने से उसकी परेशानी और बढ़ गई है। योजना किसानों के लिए, लेकिन किसान को ही नुकसान क्यों?करण का आरोप है कि पाइपलाइन कार्य के दौरान मिट्टी के कटाव से उसके खेत को नुकसान पहुंचा। उसने संबंधित ठेकेदार से फोन पर संपर्क करने का प्रयास भी किया, लेकिन उसके अनुसार कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हालांकि, नुकसान के वास्तविक कारणों और जिम्मेदारी की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी प्रशासन से न्याय की गुहारपीड़ित किसान ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मौके पर अधिकारियों को भेजकर खेत का निष्पक्ष निरीक्षण कराया जाए। नुकसान का आकलन कर जिम्मेदारी तय की जाए तथा नियमानुसार उचित मुआवजा देने के साथ खेत की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसान दोबारा खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर सके।सबसे बड़ा सवाल: किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बनाई जा रही योजना के निर्माण कार्य से यदि किसी किसान की जमीन को नुकसान पहुंचता है, तो उसकी भरपाई कौन करेगा? क्या जिम्मेदार अधिकारी इस गरीब किसान की पीड़ा सुनकर मौके पर पहुंचेंगे और उसे न्याय दिलाएंगे?अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेता है और पीड़ित किसान को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।खास खबर – रामप्रसाद धनगर गुर्जर जिला ब्यूरो चीफ मंदसौरनोट - खबर पुरी पड़ी जाय क्यों कि ये खबर मेरी विशेष खबर है मेरी निजी समस्या है सर जी इस लिए विशेष रिक्वेस्ट है plz

नागपुर विभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 2026



गोंदिया जिले के सभी तहसीलों में महाविकास आघाड़ी की प्रचार सभाएं एवं बैठकें संपन्न गोंदिया जिला | नागपुर विभाग गोंदिया : नागपुर विभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव 2026 के मद्देनजर महाविकास आघाड़ी के अधिकृत उम्मीदवार एड. अभिजीतजी वंजारी के चुनावी नियोजन को लेकर गोंदिया जिले की सभी तहसीलों में प्रचार सभाओं एवं बैठकों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। गडचिरोली–चिमूर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आमगांव, देवरी एवं सालेकसा में आयोजित बैठकों में स्नातक मतदाताओं के साथ संवाद कर चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार के समर्थन में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में अनेक प्रमुख पदाधिकारी रहे उपस्थित इस अवसर पर गडचिरोली–चिमूर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. नामदेवजी किरसान, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार एड. अभिजीतजी वंजारी, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गोपालदासजी अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरजी वराडे, पी. जी. कटरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) गुट के जिलाध्यक्ष रविकांतजी बोपचे, डेमेंद्र रहांगडाले, जितेंद्र कटरे, आरती चवारे एवं स्नेहा कोल्हे सहित महाविकास आघाड़ी के विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे। बैठकों के माध्यम से स्नातक मतदाताओं से संपर्क साधते हुए चुनाव की रणनीति और संगठनात्मक समन्वय पर चर्चा की गई।

ग्राम प्रहरी प्रकाश को बरेली जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर बुलाकर किया सम्मानित



शाहबाद, रामपुर। जनपद रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम मीरापुर निवासी ग्राम प्रहरी प्रकाश पुत्र बहोरी को बरेली में आयोजित जनसभा के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रहरी प्रकाश को मंच पर बुलाकर पगड़ी पहनाई तथा गिफ्ट बॉक्स भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त होने पर ग्राम प्रहरी प्रकाश के लिए यह अवसर खास बन गया। मंच पर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किए जाने और उपहार भेंट किए जाने से कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति को विशेष पहचान मिली। इस सम्मान को ग्राम प्रहरी के प्रति आदर और प्रोत्साहन के रूप में देखा जा रहा है।ग्राम प्रहरी प्रकाश पुत्र बहोरी, ग्राम मीरापुर के निवासी हैं और थाना शाहबाद क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। बरेली की जनसभा में मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद यह सम्मान क्षेत्र के लिए भी चर्चा का विषय बन गया।मुख्य आकर्षण: बरेली जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रहरी प्रकाश को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और गिफ्ट बॉक्स भेंट किया।

दिल्ली जाने की तैयारी के बीच कांग्रेस नेता डॉ. नागेश चंद्र पाठक हाउस अरेस्ट, राजनीतिक हलकों में चर्चा पूर्व प्रत्याशी एवं पीसीसी सदस्य डॉ. नागेश चंद्र पाठक को घर पर रोके जाने का दावा



पी ली भी त / बी स ल पु र । * बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र (130) से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं पीसीसी सदस्य डॉ. नागेश चंद्र पाठक को दिल्ली जाने की तैयारी के बीच हाउस अरेस्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है। डॉ. पाठक कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव भी हैं। उनके साथ बी-ब्लॉक अध्यक्ष राजू मिश्रा का नाम भी सामने आया है।इस घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा है। हालांकि, डॉ. नागेश चंद्र पाठक को किस कारण से घर पर रोका गया और इस संबंध में प्रशासन या पुलिस की ओर से क्या कार्रवाई की गई, इसकी आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

धान की फसल पर संकट, बंदरों और छुट्टा पशुओं से किसान परेशान; समस्याओं को उचित मंच पर उठाने का दिव्या गंगवार ने दिया आश्वासन*



पीलीभीत/बीसलपुर।* विधानसभा क्षेत्र 130 बीसलपुर के ग्राम सावेपुर में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव, महिला सभा एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिव्या गंगवार ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और गांव की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी की पाइपलाइन, जलभराव, खेती-किसानी, बंदरों के आतंक, छुट्टा पशुओं और राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।ग्रामीणों ने दिव्या गंगवार को अपनी परेशानियां बताते हुए कहा कि गांव में सड़क और पाइपलाइन से जुड़ी समस्याओं के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद पाइपलाइन में रिसाव होने लगा। इसके चलते दोबारा खुदाई करनी पड़ी, जिससे आवागमन और ग्रामीणों को परेशानी हुई।*जलभराव से धान की फसल प्रभावित होने की आशंका* गांव में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी खेतों में जमा होने की समस्या भी ग्रामीणों ने उठाई। किसानों का कहना था कि खेतों में पानी भरा होने से धान की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही धान की कटाई में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। *बंदरों और छुट्टा पशुओं से ग्रामीण परेशान* ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदरों के आतंक से लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। *फर्द और खतौनी में अंश की गलतियों से बढ़ी परेशानी*राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याएं भी ग्रामीणों ने सामने रखीं। कई ग्रामीणों के अनुसार, उनके जमीन संबंधी अभिलेखों में अंश गलत दर्ज हैं। सुधार कराने के लिए बार-बार तहसील के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने अभिलेखों में त्रुटियों को ठीक कराने की मांग उठाई।*ग्रामीणों ने बताया परिवार जैसा रिश्ता*ग्रामीणों ने दिव्या गंगवार के गांव-गांव और नगर में पहुंचकर लोगों का हालचाल जानने की पहल की सराहना की। कुछ ग्रामीणों ने भावनात्मक रूप से कहा कि वे उन्हें केवल एक नेता नहीं, बल्कि अपनी बेटी की तरह मानते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि सुख-दुख में साथ खड़े रहने और समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधियों की जरूरत है।दिव्या गंगवार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन जनसमस्याओं को उचित मंच पर उठाया जाएगा तथा समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुनना और उनके समाधान के लिए आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता है।

सपा सांसद रामजीलाल सुमन और जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में भव्य स्वागत



पीलीभीत/बीसलपुर। बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र (130) में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पद के दावेदार डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महासचिव रामजीलाल सुमन तथा पीलीभीत के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। बीसलपुर विधानसभा में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, कई प्रमुख पदाधिकारी एवं समर्थक रहे मौजूद स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने अतिथियों का स्वागत कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के संगठन और क्षेत्रीय राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा रही।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गायत्री गंगवार, हरिपाल नायक, अमित गौतम, उजाला बाबू, हाफिज इसरार, हाफिज नूर अली अजहरी, विवेक कुमार, अकील, बली उल्ला, मुख्तदिर हयात, छात्र सभा के मोहित पटेल, अंशुल और विनय सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।डॉ. रत्नेश गंगवार के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्थानीय सपा नेताओं और समर्थकों की भागीदारी रही।

रातभर भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु, सुबह तारा रानी की कथा के बाद वितरित हुआ प्रसाद



पीलीभीत/बरखेड़ा। नगर पंचायत बरखेड़ा के वार्ड नंबर-3 में स्टेशन रोड की करण दीवाना एवं जागरण पार्टी की ओर से भव्य धार्मिक जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में महिला एवं पुरुष कलाकारों ने सुंदर-सुंदर धार्मिक झांकियों और भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पूरी रात भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में भक्तजन जागरण में पहुंचकर भजनों का आनंद लेते रहे।जागरण के दौरान गणेश-लक्ष्मी, बालाजी महाराज, राधा-कृष्ण, माता शेरावाली, शिव-पार्वती, काली माता तथा कृष्ण-सुदामा की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरुष कलाकार आकाश बरेली सहित महिला कलाकारों ने सुंदर भजनों और धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।रातभर चले जागरण में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। सुबह करीब चार बजे के बाद तारा रानी की कथा सुनाई गई। इसके उपरांत सुबह भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे धार्मिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। *इन लोगों का रहा विशेष सहयोग* जागरण के आयोजन में कैलाश मौर्य, कुलदीप मौर्य, दिनेश मौर्य, रमेश मौर्य, रामेश्वर दयाल मौर्य, चंदन शर्मा और नरेंद्र मौर्य सहित मौर्य परिवार के समस्त सदस्यों एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया

जेएनयू मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला दहन कर गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की उठाई मांग






आगर मालवा। जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम से जुड़े मामले को लेकर मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा ने छावनी स्थित झंडा चौक पर प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साक्षी सकलेचा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर आक्रोश जताया। इस दौरान राहुल गांधी के पुतले की चप्पलों से पिटाई कर उसका दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, लेकिन इस मामले में कांग्रेस की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यह मामला महिलाओं की गरिमा से जुड़ा है, इसलिए इसमें निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई होनी चाहिए।प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, करणसिंह यादव, आभा चौपड़ा, हरिनारायण यादव, अशोक प्रजापत, जगदीश गवली, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, सुरेश बैरागी, मनोज परमार, मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत, रेखा यादव, रानुराज नारवाल, रवि फरन्ड और प्रकाश शर्मा सहित भाजपा महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुरैना: बागचीनी पुलिस ने अंधे कत्ल का किया खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार; वारदात में इस्तेमाल कार और साफी जब्त।



पत्नी से अवैध संबंधों के शक में हत्या की आशंका, तीसरे आरोपी की तलाश जारी। जिला ब्यूरो चीफ उमाशरण गौड मुरैना। बागचीनी थाना पुलिस ने डबैला नहर की पुलिया के पास स्कॉर्पियो गाड़ी में मिले धारा शर्मा हत्याकांड का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों प्रदीप शर्मा और उसके पिता रमेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल अर्टिगा कार और साफी भी जब्त की है।पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को बागचीनी थाना क्षेत्र में डबैला नहर की पुलिया के पास नहर में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी में धारा शर्मा निवासी सांटा का शव लहूलुहान अवस्था में मिला था। मामला संदिग्ध होने के कारण अंधे कत्ल की आशंका जताई गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह डावर और एसडीओपी जौरा नितिन बघेल के निर्देशन में जांच टीम गठित की गई।पत्नी से संबंधों के शक में हत्या की आशंका: पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक धारा शर्मा की प्रदीप शर्मा निवासी सिद्ध नगर, मुरैना से दोस्ती और रिश्तेदारी थी। पुलिस के मुताबिक, प्रदीप शर्मा को अपनी पत्नी विनीता और धारा शर्मा के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी आशंका के चलते प्रदीप शर्मा, उसके पिता रमेश शर्मा और संजय शर्मा पर धारा शर्मा को घर बुलाकर उसके साथ मारपीट करने और बाद में नहर की पुलिया के पास साफी से गला घोंटकर हत्या करने का आरोप है। सीसीटीवी और कॉल रिकॉर्ड से मिली मदद: पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्ड, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और संदिग्धों व परिजनों से पूछताछ के आधार पर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद 12 अक्टूबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर प्रदीप शर्मा और रमेश शर्मा को बड़ोखर के पास से गिरफ्तार किया ग या । पुलिस ने पूछताछ के बाद घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार क्रमांक MP 07 CB 2374 और कथित तौर पर वारदात में इस्तेमाल साफी जब्त कर ली है। मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 228/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1), 61(2) और 3(5) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में नामजद तीसरे आरोपी संजय शर्मा की गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई की जानकारी पुलिस की ओर से स्पष्ट नहीं की गई है।

मुरैना के लेपा गांव में 6 हत्याओं का आरोपी 3 साल बाद गुरुग्राम से गिरफ्तार, राजीनामे के बहाने बुलाकर मारी थीं गोलियां



मुरैना जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र के लेपा गांव में हुए सनसनीखेज 6 लोगों की हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी रामसिंह धीरसिंह तोमर को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित था।पुलिस के मुताबिक आरोपी करीब 3 साल से फरार था और पहचान छिपाकर महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में मजदूर व सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहा था। क्राइम ब्रांच ने 7 दिन तक ऑपरेशन चलाकर उसे गुरुग्राम के गोपालपुर GIDC इलाके के एक वेयरहाउस से पकड़ा। टीम मजदूर व स्थानीय लोगों के वेश में पहुंची थी।गौरतलब है कि 5 मई 2023 को लेपा गांव में एक ही परिवार के 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतकों में गजेंद्र सिंह तोमर, उनके दो बेटे सत्यप्रकाश और संजू, तथा परिवार की तीन महिलाएं मधुदेवी, बबली देवी और केशकली देवी शामिल थीं। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हत्याकांड 2010 के दोहरे हत्याकांड का बदला था। आरोपियों ने अहमदाबाद में रह रहे धीरेंद्र सिंह और उसके परिजनों को राजीनामे के नाम पर गांव बुलाया था और फिर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस मामले में 9 आरोपियों पर केस दर्ज हुआ था।आरोपी खुद को चंबल के चर्चित डकैत पान सिंह तोमर का रिश्तेदार बताता है। सिहोनिया थाना प्रभारी अतुल परिहार ने बताया कि आरोपी को मुरैना लाने के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है।

गोंदिया की शिफा डेयरी मिठाई फैक्ट्री पर छह विभागों की संयुक्त छापेमारी; 815 किलो खाद्य सामग्री जांच के दायरे में=



फफूंदी लगी मिठाई मिलने की जानकारी, साफ-सफाई पर सवाल; फैक्ट्री में घरेलू उपयोग के सात गैस सिलेंडर पाए जाने की खबरगोंदिया, प्रतिनिधि। गोंदिया जिले में मिठाइयों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कुड़वा परिसर स्थित शालीमार होटल से संबंधित शिफा डेयरी की मिठाई निर्माण फैक्ट्री पर प्रशासन ने छह विभागों की संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की।आयुक्त तुकाराम मुंढे के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान मिठाई निर्माण से संबंधित लगभग 815 किलो खाद्य सामग्री जांच के दायरे में आई। इसमें खोवा, पनीर, रसगुल्ला, दही और फूड कलर जैसी सामग्री शामिल बताई गई है। कार्रवाई के दौरान फफूंदी लगी मिठाई मिलने की जानकारी भी सामने आई है। इसके अलावा फैक्ट्री परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। फैक्ट्री में घरेलू उपयोग के सात गैस सिलेंडर मिलने की जानकारीइस कार्रवाई में एक अन्य महत्वपूर्ण बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में एचपी कंपनी के घरेलू उपयोग वाले सात गैस सिलेंडर पाए गए। इन सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्यों में इस्तेमाल किया जा रहा था या नहीं, इसकी जांच किया जाना आवश्यक है। छह विभागों की टीम ने की संयुक्त कार्रवाईइस संयुक्त छापेमारी में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, वैधमापन शास्त्र विभाग, तहसील आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग तथा जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी शामिल थे। जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें अब इस मामले में खाद्य सामग्री की जब्ती की स्थिति क्या है, खाद्य पदार्थों के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए हैं या नहीं और जांच रिपोर्ट में क्या निष्कर्ष सामने आते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस मामले में प्रशासन की ओर से स्पष्ट जानकारी सामने आना महत्वपूर्ण है। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन प्रमाणित होता है, तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, जिले में संचालित अन्य मिठाई निर्माण केंद्रों की भी जांच की जाएगी या नहीं, यह सवाल भी उठ रहा है। अब प्रशासन की आगे की कार्रवाई और जांच के निष्कर्षों का इंतजार है

अध्यक्ष आफताब और संरक्षक बीपी विद्यार्थी सहित पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ साथियों ने घायल पत्रकार राशिद अल्वी का जाना हाल

शाहबाद। सड़क दुर्घटना में घायल वरिष्ठ पत्रकार एवं त्रिलोक दृष्टि समाचार पत्र जिला प्रमुख एवं जुल्म आज तक न्यूज़ चैनल के ब्यूरो चीफ राशिद अल्वी के अस्पताल से घर लौटने की सूचना मिलते ही पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड शाहाबाद के पदाधिकारियों और वरिष्ठ साथियों ने उनके आवास पर पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष आफताब, संरक्षक बीपी विद्यार्थी कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तफा अली उपाध्यक्ष जहीर खान कोषाध्यक्ष फैज़ खान सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार साथी मौजूद रहे। सभी ने राशिद अल्वी के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उन्हें हिम्मत एवं हौसला दिया। दुर्घटना के बाद साथियों का इस तरह घर पहुंचकर हालचाल जानना राशिद अल्वी के लिए भावुक कर देने वाला पल रहा। संगठन के पदाधिकारियों और साथियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सभी उनके साथ खड़े हैं। साथियों के स्नेह, अपनत्व और सहयोग ने उनका मनोबल बढ़ाया।

रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया आयोजन



*दिनांक 13.10.2026 को मिशन शक्ति 6.0 के अन्तर्गत रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया है एवं महिलाओं को उनके कर्तव्य के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अमिता राज, धर्मपत्नी जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम के दौरान सुश्री श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त नगर/लाइन्स, सुश्री कुंजलता, सहायक पुलिस आयुक्त करछना, सुश्री निकिता श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, एनसीसीसी, सिविल डिफेंस, जिला बाल विकास एवं आगनबाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जिला प्रोबेशन कार्यालय आदि अन्य विभाग व स्वयं सेवी संगठनों की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया.

बटुरा में कथित अवैध कोयला उत्खनन का खेल! वीडियो ने खड़े किए बड़े सवाल, आखिर किसकी शह पर चल रहा कारोबार?



शहडोल। बटुरा में सोन नदी के किनारे कथित अवैध कोयला उत्खनन का मामला चर्चा में है। सामने आए वीडियो में कोयला उत्खनन से जुड़ी गतिविधियां दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि यह गतिविधियां अवैध हैं, तो जिम्मेदार विभागों की नजर इन पर क्यों नहीं पड़ रही?शहडोल एसपी, कलेक्टर, आईजी और डीआईजी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद कथित तौर पर इतना बड़ा खेल कैसे चल रहा है? क्या संबंधित विभागों को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है?मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करना जरूरी है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि और उत्खनन की वैधानिक स्थिति की जांच होना अभी आवश्यक है।सबसे बड़ा सवाल—यदि आरोप सही हैं, तो कार्रवाई कब होगी और इस पूरे मामले की जिम्मेदारी कौन लेगा?

सपा की जिला कार्यकारिणी घोषित,जगवीर नंबरदार बने जिला महासचिव



मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, इस दौरान समाजवादी पार्टी गौतमबुद्धनगर इकाई के जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा अनुमोदित की गई नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।कार्यकारिणी में अवनीश भाटी, दीपक शर्मा, शैलेन्द्र भाटी, कपिल ननका, विकास मनौता, मेहंदी हसन, वीरपाल नागर, लोकेश भाटी, विपिन नागर, सुनील भाटी को जिला उपाध्यक्ष, जगवीर नंबरदार को जिला महासचिव, मिंटी खारी को कोषाध्यक्ष, सुमित पंडित, आकाश राणा, आजाद नागर, लखन जाटव, गजेंद्र रावल, पवन जोगी, सोनू सैन, वकील सिद्दीकी, विजय गुर्जर, रामनरेश चौधरी, यशपाल शास्त्री, सन्नी प्रजापति, केशव शर्मा शोएब राणा, फैजुल हसन, रजनीश रौसा रूबी नागर, विक्रांत तौगड, इसरायल कुरैशी को जिला सचिव घोषित किया गया है। इसके अलावा बालेश्वर बाल्मीकि, गीता भाटी, प्रेमपाल रावल, देवेन्द्र चौधरी, गौरव प्रधान, डॉ मोना यादव, शादाब सलमानी, सतीश गौतम, प्रवीण तौगड़, सुनील प्रजापति, योगेंद्र देसाई, पूजा बाल्मीकि, सतीश लोहिया, रवि यादव, राहुल अली, दुर्गम यादव, मंजूर अली, अनीस चपराना, राकेश बघेल, खुर्शीद अली, तुषार सिंघल, शिवकुमार बघेल जिला कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। रोहित मत्ते गुर्जर को दादरी विधानसभा अध्यक्ष एवं राजेश रोही को जेवर विधानसभा अध्यक्ष तथा गौरव भाटी को दादरी ब्लॉक अध्यक्ष, नवीन विकल को बिसरख ब्लॉक अध्यक्ष को राकेश नागर को दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष एवं लोकेश जनमेदा को जेवर ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नगर अध्यक्षों की सूची में नवनीत शर्मा को ग्रेटर नोएडा का नगर अध्यक्ष हारून सैफी को दादरी नगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद को जेवर नगर अध्यक्ष अलीम सलमानी को रबूपुरा नगर अध्यक्ष, जाने आलम नूरी को जहांगीरपुर नगर अध्यक्ष नदीम सलमानी को बिलासपुर नगर अध्यक्ष और अब्दुल विधायक को सूरजपुर नगर का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया है। प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों में दीपक नागर को युवजन सभा, कुंवर नादिर शाह को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, बबली भाटी को लोहिया वाहिनी, मोहित नागर को छात्र सभा, अकबर खान को अल्पसंख्यक सभा, अनिल प्रजापति को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, हरवीर प्रधान को अनसूचित जाति प्रकोष्ठ, शशि यादव को महिला सभा, विपिन सेन को व्यापार सभा, विनीत यादव को अधिवक्ता सभा, जगदीश सेन को मजदूर सभा, ललित कुमार को शिक्षक सभा, अनिल नागर को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, हुकम सिंह भारती को बाबा साहब वाहिनी, डॉक्टर इमरान खान को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान ने बताया की जिला कार्यकारिणी में सभी वर्गों को शामिल किया गया है और जिले के सभी क्षेत्रों से ईमानदार एवं मेहनती कार्यकर्ताओं को शामिल किया है। उन्होंने आशा जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, फकीर चंद नागर, बीरसिंह यादव, महेन्द्र नागर, सुधीर भाटी, जिला प्रवक्ता विनोद लोहिया सुनील भाटी, नरेन्द्र नागर, कृशान्त भाटी, लाल सिंह गौतम, यूनुस प्रधान, श्याम सिंह भाटी, सुनीता यादव, विकास जतन, उपदेश नागर, अमित रौनी, सुशील नागर, देवेंद्र भाटी, गजेंद्र यादव, संजीव नागर, हरीश खारी, सलीम राव,आदि मौजूद रहे।

*निगोही में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, बिना कागज के बिक रहा सरसों तेल पकड़ा, किराना व्यापारियों में हड़कंप *



निगोही (शाहजहांपुर)। निगोही में आज 14 अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह 10:30 बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने एक किराना स्टोर पर छापा मारा। छापे के बाद निगोही के किराना व्यापारियों में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी तिलहर अजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ निगोही-बिसलपुर रोड पर स्थित एक किराना व्यापारी की दुकान पर छापा मारा।छापे के दौरान दुकान पर कई कैन सरसों का तेल बरामद हुआ। जब अधिकारियों ने तेल के कागजात मांगे तो दुकान स्वामी कोई भी वैध कागज नहीं दिखा पाया।खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बिना कागज के बेचे जा रहे इस सरसों के तेल का सैंपल भर लिया गया है और कई कैन तेल बरामद किया गया है। सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पत्रकार अजीत सिंह

अम्बाह में 17 अक्टूबर को होगा भव्य गरबा रास महोत्सव, 12 श्रेणियों में मिलेंगे विशेष पुरस्कार

ब्राइट कैरियर एकेडमी परिसर में भूमि पूजन के साथ गरबा प्रशिक्षण शुरू, निःशुल्क बंपर लकी ड्रा रहेगा आकर्षण का केंद्रअम्बाह। नवरात्रि के पावन पर्व पर इस बार अम्बाह में गरबा रास महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आचार्य आनंद क्लब एवं ब्राइट कैरियर एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 17 अक्टूबर को ब्राइट कैरियर एकेडमी परिसर में गरबा रास महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों के तहत बुधवार को एकेडमी परिसर में भूमि पूजन के साथ गरबा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में महोत्सव के संयोजक सुधीर आचार्य, प्राचार्य डॉ. प्रगति शर्मा, कोरियोग्राफर विभु शर्मा, डांस डायरेक्टर युक्ताश्री शर्मा, समन्वयक शिवानी दीक्षित सहित आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई, बालकृष्ण शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।12 श्रेणियों में प्रतिभागियों को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर



महोत्सव के संयोजक सुधीर आचार्य ने बताया कि इस बार गरबा रास महोत्सव को विशेष रूप से आकर्षक बनाने के लिए 12 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें गरबा किंग (गरबा सम्राट), गरबा क्वीन (गरबा साम्राज्ञी), गरबा प्रिंस (नन्हा गरबा सम्राट), गरबा प्रिंसेस (नन्हीं गरबा साम्राज्ञी), एनर्जी ऑन फ्लोर (सबसे ऊर्जावान प्रस्तुति), स्टैमिना किंग/क्वीन (दम-खम पुरस्कार), बेस्ट स्टेप इनोवेशन (सर्वश्रेष्ठ गरबा स्टेप), बेस्ट परिधान एवं वेशभूषा, बेस्ट मेकअप एवं हेयरस्टाइल, बेस्ट मॉम-डॉटर जोड़ी, स्पिरिट ऑफ गरबा एवं बेस्ट एक्सप्रेशन अवार्ड तथा बेस्ट कपल अवार्ड शामिल हैं। इन श्रेणियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और दंपतियों सहित विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को अपनी कला, ऊर्जा, वेशभूषा और नृत्य कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को विशेष पुरस्कार, आकर्षक उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।निःशुल्क बंपर लकी ड्रा भी रहेगा आकर्षण गरबा रास महोत्सव में इस बार निःशुल्क बंपर लकी ड्रा का आयोजन भी किया जाएगा। यह लकी ड्रा गरबा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क रहेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि गरबा प्रशिक्षण और विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों के चलते शहर के लोगों में उत्साह देखने को मिलेगा। आयोजकों ने नगरवासियों से महोत्सव में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

अंबाह में घर में घुसकर महिला को मारी गोली, बेटी बोली- नीली टी-शर्ट पहने था हमलावर



अम्बाह से पंकज जैन

खजूरी रोड पर मंगलवार शाम की घटना, 26 वर्षीय बानू तोमर के सिर में लगी गोली; प्राथमिक उपचार के बाद मुरैना रेफर अंबाह। शहर की खजूरी रोड पर मंगलवार शाम करीब 7 बजे एक 26 वर्षीय महिला को गोली मारने की घटना सामने आई है। महिला की पहचान बानू तोमर, पत्नी शैलेन्द्र तोमर, निवासी खजूरी रोड के रूप में हुई है। गोली महिला के सिर में लगी। उसे अंबाह सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद मुरैना रेफर किया गया। घर में घुसा युवक, गोली मारकर भागाजानकारी के अनुसार, घटना के समय बानू तोमर अपने बच्चों के साथ घर के बीच वाले कमरे में थीं। उनकी बेटी दीपाली के मुताबिक, एक युवक घर के अंदर आया और उसकी मां को गोली मारकर भाग गया। बेटी ने बताया कि युवक ने नीले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। महिला के पति शैलेन्द्र तोमर खंडवा में निजी नौकरी करते हैं और घटना के समय वहीं थे। पड़ोसियों ने उन्हें घटना की सूचना दी।सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस अंबाह एसडीओपी प्रशांत भदौरिया ने बताया कि खजूरी रोड पर महिला को गोली लगने की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर लोगों से पूछताछ कर रही है और घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल हमलावर की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

ऐसाह में नंदी के हमले से बाइक सवार दो लोग घायल



अम्बाह से पंकज जैन

तेरहवीं के भंडारे के लिए दूध लेने जा रहे थे दोनों, बाइक का संतुलन बिगड़ने से खेत की तारबंदी पर गिरे अंबाह। अंबाह क्षेत्र के ऐसाह गांव में बुधवार सुबह करीब 6:30 से 7 बजे के बीच नंदी के अचानक हमले से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों तेरहवीं के भंडारे के लिए दूध लेने जा रहे थे। इसी दौरान नंदी ने बाइक पर हमला कर दिया, जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों पास के खेत की तारबंदी पर जा गिरे।घटना में गांव के गौरव प्रजापति को शरीर पर दो-तीन जगह चोटें आईं, जबकि उनके साथ मौजूद दूसरे व्यक्ति के हाथ में चोट लगी। दोनों घायलों को उपचार के लिए अंबाह सिविल अस्पताल लाया गया।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की दर्दनाक मौत, साथी गंभीर

मिलक रामपुरधमोरा-रठौंडा मार्ग पर मंगलवार शाम को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बाइक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण हुआ। बाजार से लौटते समय हुआ हादसाजानकारी के अनुसार, मिलक क्षेत्र के खाता चिंतामन गांव निवासी विजयपाल मंगलवार शाम करीब सात बजे अपने ही गांव के गुलफाम के साथ बाइक से धमोरा बाजार गए थे। बाजार से घर लौटते समय धमोरा-रठौंडा मार्ग पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। इस टक्कर में विजयपाल और गुलफाम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने घोषित किया मृतघटना के तुरंत बाद राहगीरों ने एंबुलेंस और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के



बाद विजयपाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल गुलफाम की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बहनोई के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था मृतकबताया जा रहा है कि मृतक विजयपाल पंजाब में रहकर मजदूरी करता



था। बीती दो अक्टूबर को वह अपने बहनोई जयप्रकाश के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव आया था। बहनोई जयप्रकाश की भी सड़क दुर्घटना में ही मौत हुई थी।

एम एलसी चुनाव को लेकर तैयारियां तेज

बम्हनपुर रामाधीन इण्टर कालेज में सेक्टर मजिस्ट्रेट अमरनाथ मिश्रा ने किया निरीक्षण फोटो निघासन -खीरी- जिले में आगामी 23 अक्टूबर को होने वाले एमएलसी चुनाव की तैयारियों को प्रशासन ने तेज कर दिया है। इसी क्रम में निघासन ब्लॉक के बम्हनपुर स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सेक्टर मजिस्ट्रेट अमरनाथ मिश्रा ने पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और मतदान केंद्र पर की जा रही व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कॉलेज परिसर में सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मतदाताओं के आने-जाने के रास्तों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न



हो सके। रामाधीन इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. शिव नरेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में बूथ संख्या 6 और 7 बनाए गए हैं। मतदान के लिए कॉलेज के कमरा नंबर 11 और 12 को खाली कराया जाएगा और इन्हीं कमरों में दोनों मतदान बूथ स्थापित किए जाएंगे। प्रिंसिपल ने बताया कि चुनाव को लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि चुनाव के दिन किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नूडल्स के डिब्बे में चरस लाते समय भारतीय सीमा पर महिला गिरफ्तार।



पलिया कला खीरी दैनिक अयोध्या टाइम्स वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी श्रीमती ख्याति गर्ग के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के बिक्री, परिवहन, एवं खरीद फरोख्त की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम के सन्निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन मे भारत नेपाल सीमा गौरी फंटा में गौरीफंटा पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सीमा पर गश्त के दौरान बंनगवा नदी मोहना घाट को जाने वाली जंगल के कच्चे रास्ते से अभियुक्ता सुशीला शाह पत्नी खैरूशाह उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 जलेसर थाना जलेसर जिला महोत्री नेपाल राष्ट्र को नूडल्स के डब्बे में 982 ग्राम चरस नेपाल से भारत लाते समय गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 27/26 धारा 8/21 /23 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया।

शरद कालीन गन्ने की बुवाई बजाज चीनी मिल पलिया के यूनिट हेड की देखरेख में ट्रेंच विधि से कराई गई।

शरद कालीन गन्ने की बुवाई बजाज चीनी मिल पलिया के यूनिट हेड की देखरेख में ट्रेंच विधि से कराई गई।14 अक्टूबरपलिया कलां खीरी दैनिक अयोध्या टाइम्स बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया क्षेत्र के ग्राम तिकोना फार्म के कृषक भजन सिंह पुत्र पूरन सिंह के खेत में शरद कालीन गन्ना को0 20016 से बुआई की गयी। जिसके निरीक्षण के लिए यूनिट हेड ओ पी चौहान व केन हेड राजीव तोमर व कृषक उपस्थित रहे। मृदा शोधन के लिए गोबर की खाद में तैयार किए गए ट्राइकोडर्मा का प्रयोग आखिरी जुताई से



पहले किया गया। गन्ना बीज के एक से दो आंख के टुकड़ों को फफुंदी नासक के घोल से उपचारित करके ही बुआई करनी चाहिए ताकि गन्ना बीज में पहले से मौजूद बीमारी के जीवाणु को नष्ट किया जा सके। जिससे गन्ने के जमाव पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यूनिट हेड ने गन्ना किसानों व गन्ना पर्यवेक्षको को बताया कि गन्ना प्रजाति जैसे को0 -0118 ,को0 -15023,को 0लख 0-14201 की ही बुआई करें। गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि द्वारा जिसमें लाइन से लाइन की दूरी चार फिट से कम न हो तथा पौधे से पौधे की दूरी कम से कम एक फिट होना चाहिए। केन हेड राजीव तोमर ने गन्ने के साथ साथ सह फसल की बुवाई करके जैसे आलू,मटर से दोहरा लाभ ले सकते हैं।

निघासन के नवागत बीईओ बृजराज सिंह ने संभाला कार्यभार




निघासन -खीरी- निघासन विकासक्षेत्र के नवागत बीईओ बृजराज सिंह ने मंगलवार को इस ब्लाक में विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया।यहाँ तैनात बीईओ धर्मेश यादव के नगर क्षेत्र बीईओ के रूप में स्थानांतरित होने के बाद उन्हें फूलबेहड़ से निघासन भेजा गया है।लगभग चार दिन बाद उन्होंने निघासन पहुंचकर विधिवत अपना कार्यभार संभाल लिया और ऑफिस स्टॉफ से परिचय प्राप्त किया।बता दें कि बीईओ बृजराज सिंह को एक तेजतर्रार और कर्मठ शिक्षा अधिकारी के रूप में जाना जाता है।उनका साफ तौर पर मानना है कि शासन और विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी को एक टीम भावना के साथ काम करना होगा।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आगर-मालवा में नए यातायात थाने का शुभारंभ, एसपी दिलीप कुमार सोनी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, यातायात व्यवस्था होगी मजबूत

आगर-मालवा। जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नवीन यातायात थाने का शुभारंभ किया गया। बुधवार को शहर की पुरानी कृषि उपज मंडी स्थित पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एसपी दिलीप कुमार सोनी ने फीता काटकर नए यातायात थाने का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद एसपी सोनी ने यातायात थाने का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव को नियंत्रित करने और आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने में नवीन यातायात थाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यातायात संबंधी समस्याओं का होगा त्वरित निराकरणनए यातायात थाने के संचालन से शहर में यातायात प्रबंधन



को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही नागरिकों को यातायात से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए



एक निर्धारित स्थान उपलब्ध होगा। इससे यातायात व्यवस्था की निगरानी, नियमों के पालन और आमजन की समस्याओं के समाधान में भी सुविधा मिलने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रहे मौजूद नवीन यातायात थाने के शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट, यातायात थाना प्रभारी सौरभ चौहान, आगर कोतवाली थाना प्रभारी नागेश यादव, अजाक थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नए यातायात थाने के शुभारंभ को जिले की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।पुराने एसपी कार्यालय परिसर में यातायात थाने का संचालन शुरू होने से शहर में यातायात प्रबंधन को नई गति मिलने की उम्मीद है। अब पुलिस प्रशासन के सामने यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने, अव्यवस्थित यातायात पर नियंत्रण रखने और नागरिकों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

नैनी वृद्धाश्रम में ACP करछना कुंजलता, नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह ने बांटे फल और साड़ियां, बुजुर्गों के चेहरे पर दिखी खुशी

मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को सहायक पुलिस आयुक्त करछना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नैनी कस्बे स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रहने वाले बुजुर्गों के बीच फल वितरित किए। इस दौरान वृद्धाश्रम में रह रहीं महिलाओं को साड़ियां भी भेंट की गईं। पुलिस के इस मानवीय पहल से वृद्धाश्रम में मौजूद महिला और पुरुष काफी प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त करछना कुंजलता, नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी और महिला हेल्प डेस्क प्रभारी



मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। इसके साथ ही महिलाओं को साड़ियां देकर उनके प्रति सम्मान और अपनत्व का भाव व्यक्त किया।पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया तथा उन्हें यह एहसास कराने का प्रयास किया कि समाज में वे अकेले नहीं हैं।पुलिस टीम की इस पहल से वृद्धाश्रम में खुशी का माहौल रहा। वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने फल एवं साड़ियां पाकर प्रसन्नता जाहिर की और पुलिस टीम के इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर पुलिस की ओर से किए गए इस सामाजिक कार्य को मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़कर देखा गया। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस और आमजन के बीच आपसी विश्वास मजबूत करने के साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के बीच पहुंचकर पुलिस टीम ने सेवा और संवेदनशीलता का संदेश दिया।

अमरिया हत्याकांड से दहला पीलीभीत, श्मशान में जलीं तीन चिताएं, गम में डूबा पूरा नगर

एक साथ हुआ दो सगे भाइयों का अंतिम संस्कार, मेला कमेटी के हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद पर उठे गंभीर सवाल24 घंटे बाद भी शिकायत पर मुकदमा दर्ज न होने का आरोप, पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे मेंपीलीभीत/अमरिया। अमरिया मेला कमेटी के विवाद में हुए हत्याकांड के बाद पूरे नगर में शोक और तनाव का माहौल है। अमरिया के श्मशान घाट पर जब एक साथ तीन चिताएं जलीं, तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। दो सगे भाइयों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस हृदयविदारक घटना से व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में गहरा दुख व्याप्त है। अंतिम संस्कार के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। घटना की गंभीरता और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए श्मशान घाट से लेकर नगर के विभिन्न स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। मेला कमेटी के चार साल के हिसाब-किताब पर विवाद बना हत्या की वजह? नगर में इस बात की व्यापक चर्चा है कि अमरिया मेला कमेटी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता उर्फ चंदूलाला द्वारा अपने चार साल के कार्यकाल का हिसाब-किताब प्रस्तुत न किए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। स्थानीय स्तर पर इसी विवाद को हत्याकांड की संभावित वजह बताया जा रहा है। हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि मेला कमेटी में हिसाब-किताब को लेकर विवाद चल रहा था, तो उसे समय रहते सुलझाने के प्रयास क्यों नहीं किए गए? आखिर ऐसा क्या हुआ कि विवाद ने इतना भयावह रूप ले लिया और तीन लोगों की जान चली गई?पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर सामने आई गंभीर जानकारीप्राप्त जानकारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों युवा व्यापारी भाइयों की मृत्यु गोली लगने से होने की बात सामने आई है। वहीं नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव की मृत्यु धारदार हथियार और चोटों के कारण होने की जानकारी मिली है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का आधिकारिक विवरण और पुलिस का पक्ष प्राप्त होना अभी शेष है। नाबालिग कुणाल के चाचा ने दी तहरीर, मुकदमा दर्ज न होने का आरोपमृतक नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव के चाचा नन्हेंलाल श्रीवास्तव ने थाना अमरिया पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। परिजनों की ओर से आरोप लगाया गया है कि शिकायत दिए जाने के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। यदि यह आरोप सही है, तो सवाल उठता है कि तीन लोगों की मौत जैसी गंभीर घटना में पुलिस की कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? आखिर पीड़ित परिवार को न्याय के लिए कब तक इंतजार करना पड़ेगा?तीन मौतों से उठे कई सवाल, निष्पक्ष जांच की मांगअमरिया में हुए इस हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर दो सगे भाइयों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं दूसरी ओर नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव की मृत्यु ने भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इस पूरे प्रकरण में मेला कमेटी के आर्थिक लेनदेन, विवाद की वास्तविक वजह, घटना में शामिल लोगों की भूमिका और पुलिस की अब तक की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।अब देखना यह होगा कि पुलिस इस सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी कब तक सुलझाती है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाती है।

रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया आयोजन

सूर्यांश श्रीवास्तव

दिनांक 13.10.2026 को मिशन शक्ति 6.0 के अन्तर्गत रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया है एवं महिलाओं को उनके कर्तव्य के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अमिता राज, धर्मपत्नी जिलाधिकारी



प्रयागराज द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम के दौरान सुश्री श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस



उपायुक्त नगर/लाइन्स, सुश्री कुंजलता, सहायक पुलिस आयुक्त करछना, सुश्री निकिता श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, एनसीसीसी, सिविल डिफेंस, जिला बाल विकास एवं आगनबाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जिला प्रोबेशन कार्यालय आदि अन्य विभाग व स्वयं सेवी संगठनों की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया.

रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया आयोजन

*दिनांक 13.10.2026 को मिशन शक्ति 6.0 के अन्तर्गत रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज में महिलाओं द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम किया गया है एवं महिलाओं को उनके कर्तव्य के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अमिता राज, धर्मपत्नी जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम के दौरान सुश्री श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त नगर/ लाइन्स, सुश्री कुंजलता, सहायक पुलिस आयुक्त करछना, सुश्री निकिता श्रीवास्तव सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, एनसीसीसी, सिविल डिफेंस, जिला बाल विकास एवं आगनबाड़ी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जिला प्रोबेशन कार्यालय आदि अन्य विभाग व स्वयं सेवी संगठनों की महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया.

देवरतिल्दा में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया



--रिपोर्टर रोहित वर्मा

खरोराराष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक रायपुर द्वारा प्रायोजित एवम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर के तत्वाधान में डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम जिसमे लोगों को जागरूक होने के लिए एक नाटक के माध्यम से बताया गया सभी किसान लोगों को बताया गया की एटीएम से पैसे निकालने के लिए पिन किसी को न बताए और मोबाईल में पिन किसी को साझा न करें, ऐसे सभी ग्रामीण लोगो को बताया। जिसमे मुख्य रुप से समिती के प्रबंधक मोहित साहू, जिसमे प्रमुख किसान तोलेंद्र साहू, लीलाधर साहू, खड़ानंद साहू और सभी ग्रामीण उपस्थित थे

नहरडीह में देवी जस झांकी कार्यक्रम संपन्न - सरपंच अनील सायतोड़े रहे मुख्य अतिथि



--रिपोर्टर रोहित वर्मा

खरोरा ग्राम नहरडीह के बजरंग चौक में ग्राम मोहरेंगा की प्रसिद्ध देवी जस झांकी का भव्य कार्यक्रम दिनांक 13 अक्टूबर मंगलवार की रात संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत नहरडीह के सरपंच श्री अनील सायतोड़े, उपसरपंच श्रीमती सरिता गजेंद्र साहू, एवं पंचगण पुनाराम मारकंडे, दाऊलाल साहू, ग्राम सभा उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, श्रीमती बिमला साहू उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झांकी की प्रस्तुति की सराहना की।देर रात तक चले इस कार्यक्रम में पारंपरिक देवी जस झांकी की प्रस्तुति ने उपस्थित ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की भूमिका की सजीव प्रस्तुति दी। रात में आयोजित झांकी में विशाल राक्षस स्वरूप की झांकी मुख्य आकर्षण बनी। आसपास के दर्जनों गांवों से लोग इस झांकी को देखने पहुंचे थे।बजरंग चौक में स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। आयोजन समिति : बजरंग चौक दुर्गा समिति नहरडीहअध्यक्ष - नंदलाल यादव, उपाध्यक्ष - आसकरण साहू, कोषाध्यक्ष - मेखलाल साहू, सचिव - ओमप्रकाश साहू, सह सचिव - रामस्वरूप साहू, सदस्य - पुष्कर साहू, डोमार यादव, पंडा हीरालाल यादव, पंचु यादव, नीलकंठ साहू,भुनेश्वर साहू आदि। समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों, कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

गांव-गांव जनचौपाल, जन-जन का विश्वास; विकास और सुशासन को लेकर मैदान में उतरे नवीन अग्रवाल





गांव-गांव जनचौपाल, जन-जन का विश्वास; विकास और सुशासन को लेकर मैदान में उतरे नवीन अग्रवालबंगोली से रायखेड़ा तक जनसमस्याओं के समाधान की पहल, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने की विकास कार्यों की घोषणा, धनसूली में मंत्री टंक राम वर्मा ने अभियान को सराहाखरोराजनता के बीच पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान ही सुशासन की असली पहचान है। इसी संकल्प के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 में प्रारंभ किया गया जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण जनसंपर्क अभियान दूसरे दिन भी जनभागीदारी और उत्साह के साथ आगे बढ़ा। ग्राम बंगोली से शुरू हुआ यह जनसेवा का कारवां कुर्रा, मुरा और धनसूली होते हुए रायखेड़ा पहुंचा। गांव-गांव में आतिशबाजी, पुष्पवर्षा और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुए स्वागत ने अभियान के प्रति ग्रामीणों के उत्साह को प्रदर्शित किया।अभियान के दूसरे दिन ग्राम बंगोली में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई। इस दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने प्रार्थना शेड, शौचालय निर्माण, श्मशान घाट, सीसी रोड एवं अतिरिक्त कक्ष सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में आवश्यक पहल की गई।जनचौपाल बनी जनविश्वास का मंच, हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभग्राम कुर्रा में नवीन अग्रवाल ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं को सुना। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं नवनिर्मित आवासों की चाबियां प्रदान की गईं। ग्राम मुरा में भी जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा हुई और आवास हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा चाबियां सौंपकर उन्हें नए जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गईं।मुरा में बच्चों के साथ नवीन अग्रवाल का आत्मीय संवाद भी आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, सपनों और भविष्य को लेकर बातचीत की तथा कहा कि आज के बच्चे ही विकसित भारत के भविष्य के निर्माता हैं। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।जनचौपाल के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक, आवश्यक सामग्री एवं अन्य लाभ प्रदान किए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि पात्र परिवारों तक शासन की सुविधाएं प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।धनसूली में मंत्री टंक राम वर्मा ने थपथपाई नवीन अग्रवाल की पहलअभियान के अगले पड़ाव ग्राम धनसूली में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए। उन्होंने नवीन अग्रवाल द्वारा गांव-गांव पहुंचकर जनसमस्याओं को सुनने और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, सुशासन और जनकल्याण का संदेश दिया जा रहा है। ऐसे समय में ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से पात्रतानुसार उनका लाभ लेने का आह्वान किया। नवीन अग्रवाल बोले—अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा। इसी उद्देश्य से जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई है, ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े और उनकी बात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तक सीधे पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों को पक्के मकान का सपना साकार करने में सहायता मिल रही है। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है, वहीं लखपति दीदी जैसी पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। किसानों के हित में धान खरीदी, ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार के अवसर, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। नवीन अग्रवाल ने कहा कि जनचौपाल महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही और जनसेवा के संकल्प को धरातल पर उतारने का माध्यम है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव की जरूरतों को समझा जाए, ग्रामीणों की समस्याओं का नियमानुसार त्वरित निराकरण हो और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचे। जनता का विश्वास हमारी ताकत है और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों के समन्वित प्रयासों से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर काम किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों की रही सहभागिता कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी, सविता चंद्राकर, स्वाति वर्मा, डॉ. आमीन खान, जनपद अध्यक्ष आरंग मुरली साहू, महेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, जिला ग्रामीण महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा, जनपद सदस्य कुंजलाल वर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष डोमार धुरंधर, खरोरा महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरा वर्मा, कली धीवर, रानी साहू, शकुंतला कोसले, छगन, भंसा निर्मलकर, प्रियंकर सेन, खेमनाथ नायक, पप्पू पुरैना एवं विनय वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।गांव-गांव संवाद, समस्याओं के समाधान और योजनाओं के लाभ को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रहा यह अभियान क्षेत्र में जनसेवा की नई पहल के रूप में सामने आ रहा है।

मगहरा चौराहे पर खतरनाक विद्युत तारों से हादसे की आशंका, संजयदीप कुशवाहा ने की तत्काल कार्रवाई की मांग





जनपद देवरिया की तहसील सलेमपुर के अंतर्गत मगहरा चौराहे पर मगहरा-मुसैला मार्ग के किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर और उससे जुड़े बिजली के तारों की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। राष्ट्रीय समानता दल के उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की है।पत्र के अनुसार, विद्युत उपकेंद्र सलेमपुर के अंतर्गत आने वाले इस स्थान पर ट्रांसफार्मर से दर्जनों विद्युत कनेक्शनों के तार टूटे हुए लकड़ी के खंभों के सहारे खींचे गए हैं। आरोप है कि कुछ तार सड़क की सतह से लगभग 5 से 8 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और अन्य लोगों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।संजयदीप कुशवाहा ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल मौके का निरीक्षण कराए और तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर व्यवस्थित करने के साथ जर्जर लकड़ी के खंभों को बदलवाए। उन्होंने कहा कि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाने से संभावित विद्युत दुर्घटना और जन-धन की हानि को रोका जा सकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समस्या का शीघ्र निराकरण कराने की अपील की है।संजयदीप कुशवाहाप्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय समानता दल, उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



शाहाबाद। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना शाहाबाद की मिशन शक्ति टीम/विशेष महिला सुरक्षा दल ने उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मित्तरपुर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज शाहाबाद, शिव मंदिर जैतौली और बड़ागांव चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया।इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा और शिकायत पेटिका के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बालिकाओं को किसी भी परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने और तत्काल पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया।अभियान मेंउपनिरीक्षक शिवकुमार, महिला उपनिरीक्षक कंचन धामा, महिला आरक्षी सुधा एवं महिला आरक्षी मेघा कर्णवाल शामिल रहीं।

भरत मिलाप की मार्मिक लीला का मंचन



अरविन्द गौड़ , संवाददाता

गुना । सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान चल रही रामलीला के आठवे दिवस की लीला में राम भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया ज़ब भरत शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या आते है कैकेयी द्वारा मांगे गए वरदान और महाराज दशरथ के स्वर्गवास का समाचार सुनते है तों व्याकुल होकर पृथ्वी पर गिर पड़ते है कैकेयी भरत संवाद कौशल्या वशिष्ठ भरत संवाद के बाद भरत जी भाई शत्रुघ्न गुरुजनों माता एवं अयोध्या वासियों के साथ राम जी को अयोध्या वापस लाने के उद्देश्य से चित्रकूट पहुँचते हैं. वहाँ उनकी भेंट भीलों के राजा निषादराज से होती है चित्रकूट में भरत रामजी के चरणों में गिरकर पिता राजा दशरथ की मृत्यु और अपनी माँ कैकेयी के कारण लगे कलंक के बारे में बताते हैं. वह राम से अयोध्या वापस चलने का आग्रह करते हैं । श्री राम अपने पिता को दिए गए वचन का पालन करने की बात कहते हैं कि वह चौदह वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद ही लौटेंगे. भरत राम जी की चरणपादुकाओं को अपने सिर पर रखकर अयोध्या वापस लौटते हैं चरण पादुका को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर सेवक के रूप में राजकाज संभालने लगते हैं. भरत जी सुन्दर अभिनय हरवीर धाकड़ ने किया कैकेयी दिनेश सेन कौशल्या का मोनू जोगी ने सुमित्रा का राम सिंह ने वशिष्ठ मुनि का रघुवीर ओझा बे सुमंत का राजीव शर्मा ने रामजी का पुरुषोत्तम धाकड़ ने लक्ष्मण का वैभव भार्गव ने सीता जी का ओम यादव ने निषादराज का मनीष ने निषाद शाखा का अरुण चिरोजी लाल लोधा कुलदीप भार्गव राजीव रवि केवट ने अभिनय किया ।

नवदुर्गा महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन के लिए गुना पुलिस मुस्तैद



पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने बीसभुजा माता मंदिर पहुंचकर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजानई दिशा अभियान' से प्रेरित होकर अपराध का रास्ता छोड़ रोजगार अपनाने वाले पारदी युवक का बढ़ाया उत्साह, उससे फूलों के गुलदस्ते खरीदकर किया प्रोत्साहितगुना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के दिशा-निर्देशन में जिले में नवदुर्गा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन तथा बेहतर कानून एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं । जिले के विभिन्न माता मंदिरों, झांकी स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है । पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन, सीएसपी गुना सुश्री सैपा हाशमी एवं बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार के साथ बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध बीसभुजा माता मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था,यातायात प्रबंधन तथा दुकानों की स्थिति का अवलोकन किया । उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवदुर्गा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक द्वारा पार्किंग स्थल संचालकों एवं दुकानदारों से संवाद कर उन्हें यातायात और आवागमन व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, रास्तों पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने देने तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही में बाधा उत्पन्न नहीं करने की समझाइश दी गई ।साथ ही, सभी से निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई । नवदुर्गा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, सुगम दर्शन सुनिश्चित करने तथा आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुना पुलिस द्वारा लगातार निगरानी एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जा रहे हैं। गुना पुलिस की श्रद्धालुओं से अपील है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें, यातायात नियमों एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करें तथा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें । किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असुविधा की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें । गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा पारदी समुदाय के लोगों को अपराध का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने तथा सम्मानजनक जीवनयापन के लिए शिक्षा, रोजगार अपनाने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 'नई दिशा अभियान' चलाया जा रहा है । इस पहल के तहत समुदाय के लोगों को विभिन्न स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है । इसी अभियान की सकारात्मक पहल का उदाहरण नवदुर्गा महोत्सव के दौरान देखने को मिला । मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल की नजर मुरादपुर निवासी राजा पारदी की फूलों के गुलदस्ते की दुकान पर पड़ी, जहां वह अपनी पत्नी के साथ दुकान लगाकर गुलदस्ते बेच रहा था । पुलिस अधीक्षक ने दुकान पर पहुंचकर उससे गुलदस्ते खरीदे और उनका निर्धारित मूल्य चुकाकर राजा पारदी का उत्साहवर्धन किया । इस पहल के माध्यम से उन्होंने मेहनत एवं ईमानदारी से आजीविका अर्जित करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन जीने के महत्व को रेखांकित किया ।

छोटे-छोटे संयम के नियम बदल सकते हैं जीवन की दिशा : आचार्यश्री उदारसागर



अम्बाह। मुरैना। नगर के बड़े जैन मंदिर में चातुर्मासरत ज्ञानरत्नाकर आचार्यश्री उदारसागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में रहते हुए मनुष्य सांसारिक कार्यों में इतना अधिक लिप्त हो जाता है कि वह राग-द्वेष, मान, माया और लोभ के चक्कर में पड़कर आत्मसाधना को भूल जाता है। जबकि मनुष्य को संसार में रहते हुए ही सांसारिक कार्यों के बीच धीरे-धीरे संयम की साधना का अभ्यास करते रहना चाहिए। जीवन में संयम का विशेष महत्व है, क्योंकि संयम मनुष्य को अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सिखाता है और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एक छोटा-सा संयम का नियम भी मनुष्य की जिंदगी बदल सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार नियमों को अपनाए और उनका नियमित रूप से पालन करे। आचार्यश्री ने कहा कि जिस प्रकार बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, उसी प्रकार छोटे-छोटे नियमों का नित्य पालन करने से हमारा आत्मबल मजबूत होता है और हमें संयम के पथ पर आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। संयम की साधना एक दिन में पूर्ण नहीं होती, बल्कि इसके लिए निरंतर अभ्यास, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। मनुष्य यदि शुरुआत से ही अपनी सामर्थ्य के अनुसार छोटे-छोटे नियम धारण कर ले और उनका निष्ठापूर्वक पालन करे, तो धीरे-धीरे उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है। नियमों के माध्यम से व्यक्ति अपने व्यवहार को सुधार सकता है और अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास कर सकता है। संयम की साधना में नियमों का विशेष महत्व है, क्योंकि नियम व्यक्ति को अनुशासन, आत्मनियंत्रण और आत्मजागरूकता प्रदान करते हैं। नियम संयम को व्यवस्थित स्वरूप देते हैं और जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत आधार तैयार करते हैं। जब व्यक्ति अपने जीवन में नियमों को स्थान देता है, तो वह अपनी इंद्रियों और इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सीखता है। इससे उसके भीतर अनुशासन की भावना विकसित होती है और वह अपने कार्यों के प्रति अधिक सजग बनता है। नियमों का पालन मनुष्य को गलत प्रवृत्तियों से बचने तथा सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आचार्यश्री ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मान और माया जैसे विकार मनुष्य की आत्मिक उन्नति में बाधक बनते हैं। इन विकारों के कारण व्यक्ति का मन अशांत रहता है और वह अनेक बार उचित-अनुचित का विचार किए बिना कार्य कर बैठता है। संयम के नियमों का पालन करने से मनुष्य इन विकारों पर नियंत्रण पाने का प्रयास कर सकता है। जब व्यक्ति अपनी इच्छाओं को सीमित करना और क्रोध के अवसर पर धैर्य रखना सीखता है, तब उसके मन में शांति और संतोष का भाव विकसित होने लगता है। नियमों के नियमित अभ्यास से मन की शुद्धि होती है, एकाग्रता बढ़ती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। मनुष्य को अपनी दिनचर्या में ऐसे नियम अपनाने चाहिए, जो उसे आत्मसंयम की ओर प्रेरित करें। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना, क्रोध के समय धैर्य बनाए रखना, दूसरों के प्रति कटु भाव न रखना तथा अनावश्यक इच्छाओं को सीमित करना भी संयम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि संयम का मार्ग छोटे-छोटे प्रयासों से ही प्रशस्त होता है। यदि व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार नियमपूर्वक आगे बढ़ता है, तो कठिन प्रतीत होने वाली साधना भी धीरे-धीरे सहज बन सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आत्मकल्याण के लिए संयम की साधना का अभ्यास करते रहना चाहिए। समता भाव के साथ समाधि मरण की भावना रखें : मुनिश्री उपशांतसागर

इस अवसर पर जैन संत मुनिश्री उपशांतसागरजी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का मुख्य उद्देश्य सल्लेखनापूर्वक समाधि मरण की भावना रखना होना चाहिए। गृहस्थ हो अथवा महाव्रती, प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह भावना रहनी चाहिए कि जीवन के अंतिम समय में वह राग-द्वेष से रहित होकर समता भाव धारण करे और इस नश्वर शरीर का त्याग करे। मनुष्य का जीवन अनित्य है और शरीर एक दिन नष्ट होने वाला है, इसलिए शरीर के प्रति अत्यधिक मोह रखने के स्थान पर आत्मकल्याण की भावना को महत्व देना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य को जीवनभर संयम और नियमों का पालन करते हुए अपनी आत्मा को विकारों से मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। जीवन के अंतिम समय में भी मन में किसी के प्रति राग-द्वेष, मोह अथवा कषाय का भाव नहीं रहना चाहिए। समता भाव धारण कर शांतिपूर्वक शरीर त्यागने की भावना ही समाधि मरण की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसके लिए आवश्यक है कि व्यक्ति पहले से ही अपने जीवन में संयम, वैराग्य और आत्मचिंतन का अभ्यास करे। नियमपूर्वक धीरे-धीरे चारों प्रकार के आहार का त्याग करते हुए उत्कृष्ट समाधि की दिशा में आगे बढ़ने की भावना रखनी चाहिए। शरीर के प्रति आसक्ति कम करके आत्मा के स्वरूप को समझने का प्रयास करना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में राग-द्वेष और कषायों को दूर करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए, ताकि अंतिम समय में भी उसका मन शांत और समताभाव से परिपूर्ण रहे। आत्मसंयम, वैराग्य और समता की साधना से ही व्यक्ति आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

प्रदेश में महिलाओ एवं बालिकाओ को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-6.0 का पुलिस आयुक्त,



प्रदेश में महिलाओ एवं बालिकाओ को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज-6.0 का पुलिस आयुक्त, महोदय कमि0 प्रयागराज के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के नेतृत्व में आज दिनांक 13.10.2026 को मिशन शक्ति फेज- 6.0 का जोन नगर, गंगानगर, यमुनानगर व रिजर्व पुलिस लाइन्स कमि0 प्रयागराज में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।आज दिनांक 13.10.2026 को एक दिवसीय कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 महोदय द्वारा जनपद बरेली में आयोजित ग्राम प्रहरी सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में देखा गया तथा ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदारों) के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी श्री नंद गोपाल नन्दी जी, मा0 जनप्रतिनिधि सांसद विधायक गण, मण्डलायुक्त महोदय, जिलाधिकारी महोदय, पुलिस आयुक्त महोदय, अपर पुलिस आयुक्त महोदय कानून एवं व्यवस्था/मुख्यालय, पुलिस उपायुक्त गण, अपर पुलिस उपायुक्त गण , सहायक पुलिस उपायुक्त गण प्रतिभाग किये और ग्राम प्रहरियों (ग्राम चौकीदारों) का मासिक मानदेय 2500 से 3500, कैशलेस इलाज 5 लाख तक का चिकित्सा सुविधा, गाँव में संदिग्ध गतिविधियां व जमीन पर अवैध कब्जा की सूचना, महिला सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण के लिये पुलिस कर्मियों तथा स्थानीय लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया। कमिश्नरेट प्रयागराज के 640 ग्राम प्रहरी/ग्राम चौकीदारों को सम्मानित किया गया तथा ट्रैफिक संचालन के माध्यम से ट्रैफिक नियमों के संचालन के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम में यातायात संचालन में नियोजित महिला पुलिस कर्मियो तथा NCC महिला कैडेट्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया तथा महिला सुरक्षा सम्बन्धी एक भव्य सम्मान/जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मिशन शक्ति से सम्बन्धित प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गयी। इसी प्रकार जोन नगर, गंगानगर, यमुनानगर में मिशन शक्ति, महिला बीट एवं एन्टी रोमियो पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए जो निम्नवत् हैं – जोन नगर – नाजरेथ हॉस्पिटल से हनुमान मंदिर सिविल लाइंस थाना, ARK टावर प्रीतम नगर थाना धूमनगंज,काली माता मंदिर भावापुर मार्केट, ललिता देवी मंदिर से बरगढ़ घाट तक थाना अतरसुइया, संभूनाथ इंस्टीट्यूट झलवा पीपलगांव थाना एयरपोर्ट, कालीबाड़ी मंदिर,आर्य कन्या डिग्री कॉलेज,सत्ती चौरा, इस्कॉन मंदिर बलुआ घाट थाना मुट्ठीगंज, NCC महिला कैडेट को ट्रैफिक पुलिस व थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा ट्रैफिक संचालन थाना पुरामुफ्ती,हाथी पार्क थाना सिविल लाइंस,।गुरु माधव प्रसाद कॉलेज राजरुपपुर थाना धूमनगंज, बड़ी बगिया दुर्गा पंडाल ईश्वर शरण थाना कर्नलगंज, मोतीलाल नेहरू कैंपस थाना जार्जटाऊन, बैहराना से बांगड़ चौराहा थाना कीडगंज, पजावा चौराहा से एसएस खन्ना थाना अतरसुईया। जोन गंगानगर - ग्राम दोनाइया चौराहा थाना बहरिया,एक्सेल कॉन्वेंट स्कूल थाना सोरांव, सरायममरेज बाजार थाना सरायममरेज, कस्बा हंडिया में जंघई तिराहा से मानस हाल हंडिया,सीताराम इंटर कालेज बाबूगंज थाना फूलपुर, क्षेत्र के पंडालों थाना मऊआईमा,भागीपुर में थाना सरायइनायत, हिन्दू महिला इंटर कालेज सिविल लाइंस थाना सिविल लाइन, आर डी पब्लिक स्कूल थाना क्षेत्रांतर्गत नवाबगंज। जोन यमुनानगर- ग्राम चपरतला एवं बीट महिला चौपाल थाना ग्राम बारा, ब्लॉक से राम भवन चौराहा थाना शंकरगढ़,श्रृंगी ऋषि इंटर कॉलेज, घटवा, थाना करछना, क्षेत्रांतर्गत थाना लालापुर, राजकीय इंटर कॉलेज सुरवादलापुर थाना मांडा, स्कूल बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज, मेजा रोड थाना माण्डा, गोपाल विद्यालय कस्बा कोरांव, क्षेत्र में पूजा पंडालो व महिला चौपाल थाना करछना, ।एं टी - रोमियो स्क्वॉड व महिला बीट/ मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, द्वारा फुट पैट्रोलिंग तथा पीआरवी द्वारा पैट्रोलिंग ,कर नवरात्रि में विभिन्न-मन्दिरों, धार्मिक स्थलो, मेलो एवं अन्य सार्वजनिक स्थलो, स्कूल कॉलेज ,भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रो में चौराहो पर महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती कर पूजा पण्डालो मे महिला चौपाल का आयोजन कर एण्टी रोमियो स्क्वॉड द्वारा सघन अभियान चलाते हुए शोहदो के विरुद्ध मौके पर ही कठोर कार्यवाही हेतु तैनात किये गये पुलिस कर्मियो की काउंसिलिग करते हुए उन्हे जन सामान्य के साथ मर्यादित व्यवहार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

केन्द्र राज्य सरकार की विभिन्न हेल्प लाइन नं0 वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओ के लिए एम्बुलेंस हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्प लाइन 1930, तथा मिशन शक्ति केन्द्र का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक महिलाओ एवं बालिकाओ को इस सुविधा का लाभ प्राप्त कराने के लिए मिशन शक्ति केन्द्रो में थाना क्षेत्र की विभिन्न वर्गो की महिलाओ को आमंत्रित कर मिशन शक्ति केन्द्र के कार्यों, उद्देश्यो तथा इस केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओ के संबध में प्रतिदिन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर गुड-टच, बैड-टच, महिला सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कर सार्वजनिक स्थल, संवेदनशील, हॉट स्पाट पर पुलिस की व्यापक फुट पैट्रोलिंग तथा पीआरवी द्वारा फुट पैट्रोलिंग करायी जा रही हैं। तथा महिला अपराध रोकथाम हेतु विभिन्न कानूनो की व्यापक जानकारी देकर जागरुक किया/कराया जा रहा है। महिलाओ / बालिकाओं को केन्द्र/ प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं – मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बालिकाओं /महिलाओं को जागरूक किया गया।

नो एंट्री में बेधड़क घुसा रेत से भरा डंपर, होमगार्ड जवानों के सामने सवाल उठाकर निकला; TAI बोले- होगी जांच

रामपुर शहर में यातायात नियमों और नो एंट्री व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बुधवार सुबह करीब 8:20 बजे नो एंट्री ज़ोन में रेत से भरा एक डंपर बेधड़क घुस गया। जब वहां मौजूद होमगार्ड के जवानों ने वाहन को रोकने की कोशिश की, तो डंपर चालक उनसे बहस करने लगा और बिना किसी कार्रवाई के डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। इस दौरान होमगार्ड के जवान बेबस होकर उसे देखते रह गए।"रोकने वाला कोई नहीं था, कार्रवाई कौन करेगा? जानकारी के अनुसार, नो एंट्री पॉइंट पर जब रेत से भरा डंपर पहुंचा, तो वहां केवल होमगार्ड जवान ही तैनात थे। जवानों द्वारा रोके जाने और चालान की बात कहे जाने पर चालक ने उल्टा उन्हीं से सवाल दाग दिया कि "कार्रवाई कौन करेगा?" चालक ने कहा कि अगर नो एंट्री पॉइंट पर कोई रोकने वाला पुलिसकर्मी या यातायात अधिकारी मौजूद होता, तो वह अंदर कैसे आ पाता। उसने तर्क दिया कि मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था, इसीलिए वह वाहन लेकर अंदर आया है। इसके बाद चालक दबंगई दिखाते हुए रेत से भरा डंपर लेकर वहां से निकल गया।टीएआई बोले- जांच कराई जाएगी मामले को लेकर यातायात निरीक्षक (टीआई/TAI) राजवीर चौधरी ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आ गया है और इसकी गहनता से जांच की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि नो एंट्री पॉइंट पर कर्मियों की ड्यूटी सुबह 7 बजे से ही लग जाती है, जबकि नो एंट्री की पाबंदी सुबह 8 बजे से लागू होती है।टीआई ने कहा कि नो एंट्री के समय पुलिसकर्मी और अन्य जिम्मेदार कर्मचारी मौके पर क्यों तैनात नहीं थे, डंपर शहर के अंदर कैसे घुसा और बिना कार्रवाई के कैसे निकल गया—इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर जिम्मेदार कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

ओवरलोडिंग पर रोक लगे, बाहरी राज्यों के वाहनों पर भी हो कार्रवाई



बिजनौर–नजीबाबाद डंपर यूनियन की बैठक में उठीं मांगें, मानकों के अनुरूप खनन सामग्री के परिवहन पर दिया जोर

नजीबाबाद खनन सामग्री के परिवहन में ओवरलोडिंग पर रोक लगाने और बाहरी राज्यों के वाहनों के संचालन पर नियंत्रण की मांग को लेकर नजीबाबाद डंपर ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। मंडावली क्षेत्र में मोटा महादेव बाईपास मार्ग स्थित यूनियन अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आवास पर हुई बैठक में जनपद के खनन ट्रांसपोर्टरों ने परिवहन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की। बैठक में ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि नदियों से स्टोन क्रशर तक खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों में ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। उनका आरोप है कि कुछ बाहरी राज्यों के वाहन भी स्थानीय नदियों से खनन सामग्री का परिवहन कर रहे हैं। इन वाहनों के संचालन से स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के सामने प्रतिस्पर्धा की समस्या खड़ी हो रही है। साथ ही, नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में सड़क सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ट्रांसपोर्टरों ने आरोप लगाया कि कुछ भारी वाहनों के पास आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होते। इनमें वाहन का टैक्स, फिटनेस प्रमाणपत्र और परमिट सहित अन्य जरूरी कागजात शामिल हैं। उनका कहना है कि नियमों के विपरीत संचालित होने वाले वाहनों की जांच होनी चाहिए, ताकि अवैध परिवहन और संभावित सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि नदियों से खनन सामग्री का परिवहन निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। वाहनों में क्षमता से अधिक सामग्री भरने से सड़कों को नुकसान पहुंचने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ने की बात कहते हुए ट्रांसपोर्टरों ने संबंधित विभागों से नियमित जांच और निगरानी की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि खनन सामग्री के परिवहन से संबंधित नियमों और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नदी ठेकेदारों के साथ बैठक की जाएगी। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि ठेकेदारों से वार्ता के बाद ही वाहनों के संचालन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। एसोसिएशन ने ओवरलोडिंग पर रोक लगाने, बाहरी राज्यों के वाहनों की जांच करने तथा सभी वाहनों के जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल कराने की मांग उठाई। बैठक में यूनियन अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पुष्पेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, नईम अहमद, मोहम्मद आदिल, हिफिजुर रहमान, अशरफ अली, सोनू, मोहम्मद गुफरान सहित बड़ी संख्या में खनन ट्रांसपोर्टर मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा के बताए उपाय

ब्यूरो चीफ राशिद अल्वी

हेल्पलाइन नंबरों से लेकर गुड टच-बैड टच तक दी गई जानकारी, बालकों को यातायात नियमों के पालन की दिलाई सीख

शाहबाद। मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत शाहबाद कोतवाली की मिशन शक्ति टीम एवं विशेष महिला सुरक्षा दल ने क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, बैंकों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला क ल्या ण का री योजनाओं और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई

इसके अतिरिक्त बालकों को यातायात एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने, सड़क पर सावधानी बरतने और सुरक्षित आवागमन के महत्व को समझाया गया।



इसके अतिरिक्त बालकों को यातायात एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने, सड़क पर सावधानी बरतने और सुरक्षित आवागमन के महत्व को समझाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम एवं विशेष महिला सुरक्षा दल की ओर से उपनिरीक्षक शिवकुमार, महिला उपनिरीक्षक कंचन धामा, महिला आरक्षी सुधा, महिला आरक्षी मेघा कर्णवाल तथा आरक्षी सुमित सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ बच्चों में सुरक्षा, जागरूकता और यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।



शाहजहांपुर में उपनिरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय बने निरीक्षक, एसपी ने वर्दी पर स्टार लगाकर दी बधाई

संवाददाता नरेंद्र सिंह



शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर में यातायात उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत विनय कुमार पाण्डेय को विभागीय प्रक्रिया के तहत निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर पुलिस विभाग में खुशी का माहौल रहा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर ने पुलिस कार्यालय में आयोजित पीपिंग सेरेमनी के दौरान उनकी वर्दी पर स्टार लगाकर सम्मानित किया और पदोन्नति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर तथा क्षेत्राधिकारी यातायात भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नवपदोन्नत निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने विनय कुमार पाण्डेय के सेवाकाल, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिसकर्मी के लिए गौरव का क्षण होने के साथ-साथ नई जिम्मेदारियों के निर्वहन का अवसर भी है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि नवपदोन्नत निरीक्षक भविष्य में भी पूरी ईमानदारी, निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण से प्राप्त उपलब्धियां अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनती हैं। पदोन्नति के साथ अधिकारियों की जिम्मेदारियां और बढ़ जाती हैं, इसलिए जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। पीपिंग सेरेमनी के दौरान वर्दी पर स्टार लगाकर सम्मानित किए जाने से नवपदोन्नत निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय के लिए यह अवसर विशेष और यादगार बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य, सफल सेवाकाल और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं।

ग्राम पंचायत सरही में धान की उत्पादकता का निरीक्षण, प्रति हेक्टेयर करीब 57 क्विंटल उत्पादन का अनुमान



संवाददाता नरेंद्र सिंह खोजी

शाहजहांपुर। ग्राम पंचायत सरही में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने धान की फसल की उत्पादकता की जांच की। इस दौरान निर्धारित क्षेत्रफल में धान की फसल की कटाई कर उपज का वजन कराया गया। जांच में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल से 24.83 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। इसके आधार पर प्रति हेक्टेयर लगभग 57 क्विंटल उत्पादन का अनुमान लगाया गया। निरीक्षण के दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी चकलेश्वर सिंह, कानूनगो रमेश चन्द्र शर्मा, लेखपाल अनुराग कुमार गुप्ता तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समी आलम और मुसाद रजा मौजूद रहे। इस मौके पर किसान महेश भी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि फसल को प्राकृतिक आपदा या अन्य अधिसूचित जोखिमों से नुकसान होने की स्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पात्रतानुसार लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक रहने का भी संदेश दिया।

सुधरेंगे तो सुधरेगा समाज: उ.प्र. अपराध निरोधक समिति का विशेष मिशन



रामपुर शाहाबाद समाज" के मूल संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति (बरेली-मेरठ जोन) ने जेलों में बंद कैदियों के कल्याण और उनके पुनर्वास के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस संबंध में समिति के जोन सचिव जी.के. पाठक और रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता के बीच आगामी मुख्य कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत मंथन हुआ।बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिला कारागारों—विशेषकर रामपुर, बरेली, मुरादाबाद और मेरठ—में निरुद्ध बंदियों के जीवन स्तर में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल और रिहाई के बाद उनके सम्मानजनक पुनर्वास पर गहराई से चर्चा की गई। पुस्तकालय और कौशल विकास पर जोर जोन सचिव जी.के. पाठक ने बताया कि समिति के सौजन्य से शीघ्र ही जिला कारागार रामपुर एवं बरेली में कैदियों के मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकालयों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि बरेली जिला कारागार में कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरी उद्योग का प्रशिक्षण पहले से ही सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। इसी तर्ज पर मेरठ, मुरादाबाद और रामपुर सहित अन्य जनपदों की जेलों में भी विभिन्न स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य जांच शिविर और रोजगार सहायताकैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए जल्द ही जेलों में निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बंदियों की स्वास्थ्य जांच और दवाइयों का वितरण होगा।इसके अलावा, जेल से सजा काटकर रिहा होने वाले कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें पुनः अपराध की राह पर जाने से रोकने के लिए कुटीर उद्योगों एवं स्व-रोजगार की स्थापना में समिति द्वारा हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।मुख्य बिंदु एक नज़र में:स्वास्थ्य: रामपुर और बरेली समेत कई जेलों में लगेंगे निःशुल्क मेडिकल कैंप।शिक्षा/ज्ञान: जेलों में बंदियों के सकारात्मक बदलाव के लिए स्थापित होंगे पुस्तकालय।रोजगार: रिहा कैदियों को कुटीर उद्योग स्थापित करने में मिलेगी सहायता; जरी उद्योग की तर्ज पर अन्य कौशल प्रशिक्षण शुरू होंगे।

शारदीय नवरात्रि पर मंदिरों व मेला स्थलों पर चला विशेष स्वच्छता अभियान।

आदित्य बरनवाल



अमेठी। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जनपद में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा मच्छरजनित एवं संचारी रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देश पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के प्रमुख मंदिरों, मेला स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कराने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके और बीमारियों के प्रसार की आशंका को कम किया जा सके। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर जनपद के प्रमुख मंदिरों एवं मेला क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत पूर्व निर्धारित गांवों में भी सफाई अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से संबंधित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण रखने और संचारी रोगों से बचाव के लिए आवश्यक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में स्वच्छता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। संबंधित क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं एंटी लार्वा छिड़काव के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट प्रशासन, ड्रोन से होगी निगरानी-



आदित्य बरनवाल

अमेठी। नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, रामलीला एवं मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में समीक्षा बैठक हुई। मंडलायुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन बर्मा ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी शशांक चौधरी, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में अधिकारियों ने सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और जुलूस मार्गों पर ड्रोन से निगरानी रखने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने पर जोर दिया गया। सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखने और भ्रामक सूचनाओं व अफवाहों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने को कहा गया। मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार-



आदित्य बरनवाल

अमेठी। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमेठी कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में 12 अक्टूबर को कस्बे की एसडीएम कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बरामद बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 अक्टूबर को क्षेत्राधिकारी अमेठी श्वेताभ भास्कर के नेतृत्व में अमेठी कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार विशाल यादव (24) पुत्र सुरेश चन्द यादव निवासी खेरौना बारामासी, थाना अमेठी को रोककर वाहन के कागजात मांगे। आरोपी बाइक से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल एसडीएम कॉलोनी से चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने उसके कब्जे से होंडा यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल (नंबर यूपी 72 एम 6903) बरामद की।पुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 220/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 317(2) में कार्रवाई की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गोविल सिंह, उपनिरीक्षक पवन मिश्र, हेड कांस्टेबल संदीप मिश्रा, कांस्टेबल उजैर खान और कांस्टेबल सुयश मिश्रा शामिल रहे।

उल्टागढ़ा धाम में महिला के गले से चेन चोरी, जौनपुर की आरोपी गिरफ्तार-



अमेठी। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के उल्टागढ़ा धाम में दर्शन करने आई महिला के गले से चेन चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के अमांवाकला निवासी रिंकी गौतम पत्नी स्वर्गीय अमिताभ गौतम के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, घटना 13 अक्टूबर की है। उल्टागढ़ा धाम में दर्शन करने आई एक महिला के गले से चेन चोरी कर ली गई थी। इस दौरान शैलेंद्र कुमार मिश्रा निवासी फरहदिया राजापुर कौहार शाहगढ़, थाना गौरीगंज ने आरोपी महिला को पकड़ लिया और लिखित शिकायत के साथ मुंशीगंज पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुंशीगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 125/26 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) और 317(5) में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी ननद और सास निर्मला के साथ मिलकर मंदिर में दर्शन करने आई महिला के गले से चेन काटकर चोरी की थी। इसके बाद चेन अपनी सास को दे दी थी, जो मौके पर भीड़ के बीच कहीं चली गई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दहेज उत्पीड़न के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार, पुलिस कर रही विधिक कार्रवाई-



आदित्य बरनवाल

अमेठी। पीपरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामले में वांछित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान हीरापुर गांव निवासी राहुल (26) पुत्र सताऊ और सताऊ (50) पुत्र रामलाल के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार, 14 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अमेठी श्वेताभ भास्कर के नेतृत्व में पीपरपुर पुलिस वांछित अभियुक्तों की तलाश और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पीपरपुर थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 99/2026 में वांछित थे। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 80(2) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार राय, उपनिरीक्षक भगवान, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार पाल और कांस्टेबल सनोज यादव शामिल रहे।

सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिला चोटिल व्यक्ति, जिला अस्पताल रेफर-

संग्रामपुर। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के सैठा-लोहियानगर मार्ग पर धानापुर चौराहे के समीप बुधवार को सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। राहगीरों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल एंबुलेंस सहायता नंबर पर फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और चोटिल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) संग्रामपुर ले जाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने अज्ञात व्यक्ति का प्राथमिक उपचार शुरू किया। सिर पर गहरी चोट होने के कारण उसकी हालत गंभीर बताई गई। वह अचेत अवस्था में होने के चलते अपना नाम-पता और घटना के संबंध में कुछ भी बताने में असमर्थ था। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। वह सड़क किनारे किस परिस्थिति में घायल होकर पड़ा था, इसकी जानकारी भी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

कलेक्ट्रेट में युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, SDM ने अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान



आगर-मालवा। जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पारिवारिक विवाद से परेशान एक युवक ने कथित तौर पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद प्रशासनिक कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक के हाथ से जहरीला पदार्थ छीन लिया। वहीं, एसडीएम मिलिन्द ढोके ने तत्काल युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।थाने से कलेक्ट्रेट तक लगाई न्याय की गुहार प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक लंबे समय से पारिवारिक विवाद के चलते परेशान था। अपनी समस्या के समाधान और न्याय की उम्मीद में वह सबसे पहले कानड़ थाने पहुंचा था। हालांकि, वहां से राहत नहीं मिलने के बाद वह अपनी फरियाद लेकर आगर-मालवा कलेक्ट्रेट पहुंचा।अधिकारियों से मुलाकात नहीं होने से था निराशबताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद युवक की मुलाकात न तो कलेक्टर से हो सकी और न ही अपर कलेक्टर से उसकी बात हो पाई। अपनी समस्या का समाधान नहीं होने और अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाने के कारण वह निराश हो गया। इसी दौरान उसने कलेक्ट्रेट परिसर में ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।SDM ने दिखाई तत्परता, खुद अस्पताल लेकर पहुंचेघटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल युवक के हाथ से जहरीला पदार्थ छीन लिया। सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद एसडीएम मिलिन्द ढोके ने तत्परता दिखाते हुए युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है।सुनवाई की व्यवस्था पर उठे सवालइस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक कार्यालयों में आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई और समय पर समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। न्याय की उम्मीद लेकर सरकारी कार्यालय पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पूरनपुर की कार्यकारिणी का विस्तार, संगठन से जुड़े नगर के 22सम्मानित व्यापारी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित मिश्रा ने सौंपे मनोनयन पत्र साथ में पांच नए नामों की भी घोषणा की गई



इस अवसर पर नगर के अनेक सम्मानित व्यापारी संगठन के परिवार में शामिल हुए। नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारी एकता को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया गया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीअवधेश कुमार वर्मा जी ,श्री महेश कुमार वर्मा जी, नगर मंत्री पद पर रेहानत खान जी ,आशिक नूर जी, फिरासत खान जी, लखविंदर सिंह जी, तो वही कोषाध्यक्ष के रूप में श्री राहुल रस्तोगी जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीरज जैन जी,श्री राजेंद्र गुप्ता जी,श्री राजीव खंडेलवाल जी नगर उपाध्यक्ष के पद पर श्री विशाल गुप्ता जी,श्री राजेंद्र कुमार वर्मा जी, मोहम्मद अमन जी तो वही युवा टीम में उपाध्यक्ष के पद पर श्री गर्व खन्ना जी ,श्री अभिषेक वर्मा जी ,श्री मयंक वर्मा जी, मंत्री के पद पर श्री रोहित कुमार वर्मा जी, श्री अमित वर्मा जी ,मोहम्मद रिजवान शम्मी जी ,उपाध्यक्ष के पद पर श्री उमेश कुमार गुप्ता जी ,श्रीशरद वर्मा जी , श्री शानू गुप्ता जीसभी न व नि र्वा चि त पदाधिकारीयों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई हो।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, पूरनपुर की कार्यकारिणी का विस्तार, संगठन से जुड़े नगर के 22सम्मानित व्यापारी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित मिश्रा ने सौंपे मनोनयन पत्र साथ में पांच नए नामों की भी घोषणा की गई



इस अवसर पर नगर के अनेक सम्मानित व्यापारी संगठन के परिवार में शामिल हुए। नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा व्यापारी एकता को नई ऊर्जा देने का संकल्प लिया गया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीअवधेश कुमार वर्मा जी ,श्री महेश कुमार वर्मा जी, नगर मंत्री पद पर रेहानत खान जी ,आशिक नूर जी, फिरासत खान जी, लखविंदर सिंह जी, तो वही कोषाध्यक्ष के रूप में श्री राहुल रस्तोगी जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीरज जैन जी,श्री राजेंद्र गुप्ता जी,श्री राजीव खंडेलवाल जी नगर उपाध्यक्ष के पद पर श्री विशाल गुप्ता जी,श्री राजेंद्र कुमार वर्मा जी, मोहम्मद अमन जी तो वही युवा टीम में उपाध्यक्ष के पद पर श्री गर्व खन्ना जी ,श्री अभिषेक वर्मा जी ,श्री मयंक वर्मा जी, मंत्री के पद पर श्री रोहित कुमार वर्मा जी, श्री अमित वर्मा जी ,मोहम्मद रिजवान शम्मी जी ,उपाध्यक्ष के पद पर श्री उमेश कुमार गुप्ता जी ,श्रीशरद वर्मा जी , श्री शानू गुप्ता जीसभी न व नि र्वा चि त पदाधिकारीयों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई हो।

*खरगोन के ब्राह्मण पुरी मोहल्ले में स्थित बाकी माता मंदिर की अनोखी परंपरा

मोनिका नितिन खरगोन



बाकी माता मंदिर में 300 साल से चली आ रही अनोखी परंपरा, पुरुष करते हैं गरबा, नवरात्रि में खुलता है रहस्यमयी झिरा मंदिर में मां दुर्गा के नौ रूप विराजित हैं। यहां नवरात्रि में गरबा करने की परंपरा सबसे अलग है। यहां महिलाएं गरबा नहीं करतीं, बल्कि मंदिर में बैठकर गुजराती में पारंपरिक गरबा गीत गाती हैं और पुरुष उन गीतों पर माता के चारों ओर परिक्रमा कर गरबा करते हैं।मंदिर परिसर में एक प्राचीन झिरा (कुआं) है जो साल भर बंद रहता है और केवल शारदीय नवरात्रि के 9 दिनों में ही खोला जाता है। मान्यता है कि इसके जल से स्नान करने से सभी रोग दूर होते हैं। रात 3 बजे से ही यहां स्नान के लिए भीड़ लग जाती है। नवरात्रि में यहां व्रतधारी भक्तों के लिए जड़ी-बूटियों युक्त पान के बीड़े का विशेष भोग भी लगाया जाता है।

अमरिया हत्याकांड से दहला पीलीभीत, श्मशान में जलीं तीन चिताएं, गम में डूबा पूरा नगर

एक साथ हुआ दो सगे भाइयों का अंतिम संस्कार, मेला कमेटी के हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद पर उठे गंभीर सवाल24 घंटे बाद भी शिकायत पर मुकदमा दर्ज न होने का आरोप, पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे मेंपीलीभीत/अमरिया। अमरिया मेला कमेटी के विवाद में हुए हत्याकांड के बाद पूरे नगर में शोक और तनाव का माहौल है। अमरिया के श्मशान घाट पर जब एक साथ तीन चिताएं जलीं, तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। दो सगे भाइयों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस हृदयविदारक घटना से व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में गहरा दुख व्याप्त है।अंतिम संस्कार के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा भी मौजूद रहे।उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। घटना की गंभीरता और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए श्मशान घाट से लेकर नगर के विभिन्न स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।मेला कमेटी के चार साल के हिसाब-किताब पर विवाद बना हत्या की वजह?नगर में इस बात की व्यापक चर्चा है कि अमरिया मेला कमेटी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता उर्फ चंदूलाला द्वारा अपने चार साल के कार्यकाल का हिसाब-किताब प्रस्तुत न किए जाने को लेकर विवाद चल रहा था। स्थानीय स्तर पर इसी विवाद को हत्याकांड की संभावित वजह बताया जा रहा है। हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि मेला कमेटी में हिसाब-किताब को लेकर विवाद चल रहा था, तो उसे समय रहते सुलझाने के प्रयास क्यों नहीं किए गए? आखिर ऐसा क्या हुआ कि विवाद ने इतना भयावह रूप ले लिया और तीन लोगों की जान चली गई?पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर सामने आई गंभीर जानकारीप्राप्त जानकारी के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों युवा व्यापारी भाइयों की मृत्यु गोली लगने से होने की बात सामने आई है। वहीं नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव की मृत्यु धारदार हथियार और चोटों के कारण होने की जानकारी मिली है।हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का आधिकारिक विवरण और पुलिस का पक्ष प्राप्त होना अभी शेष है।नाबालिग कुणाल के चाचा ने दी तहरीर, मुकदमा दर्ज न होने का आरोपमृतक नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव के चाचा नन्हेंलाल श्रीवास्तव ने थाना अमरिया पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।परिजनों की ओर से आरोप लगाया गया है कि शिकायत दिए जाने के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। यदि यह आरोप सही है, तो सवाल उठता है कि तीन लोगों की मौत जैसी गंभीर घटना में पुलिस की कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? आखिर पीड़ित परिवार को न्याय के लिए कब तक इंतजार करना पड़ेगा?तीन मौतों से उठे कई सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग अमरिया में हुए इस हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर दो सगे भाइयों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं दूसरी ओर नाबालिग कुणाल श्रीवास्तव की मृत्यु ने भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इस पूरे प्रकरण में मेला कमेटी के आर्थिक लेनदेन, विवाद की वास्तविक वजह, घटना में शामिल लोगों की भूमिका और पुलिस की अब तक की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी कब तक सुलझाती है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाती है।

राजेश गुप्तासंवाददाता, सिटी अपडेट, पीलीभीत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौकीदारों का बढ़ाया मानदेय , चौकीदारों में जश्न का माहौल



निघासन -खीरी-- प्रकाश पर्व दीपावली से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाज के हर वर्ग को खुश करने के प्रयास में लगे हैं। ताज़ा प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौकीदारों का मानदेय 2500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 3500 रुपए प्रतिमाह कर दिया है जिले के चौकीदारों ने मुख्यमंत्री के इस उपहार का तहे दिल से स्वागत किया है । भारत गांवों का देश है गांव-गांव में सुरक्षा की रीढ़ कहे जाने वाले चौकीदारों के लिए फिलहाल अच्छी खबर सामने आई है , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रहरियों का मानदेय 3500 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की है । त्योहार से पहले 1000 की बढ़ोतरी से जिले भर के चौकीदारों में प्रसन्नता की लहर है । कोतवाली क्षेत्र निघासन के ग्राम प्रहरियों में जश्न का माहौल है । कोतवाल गोपाल नारायण सिंह ने मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मानदेय बढ़ोतरी से यहां के सभी 21 चौकीदारों में प्रसन्नता है , कोतवाल के अनुसार एक हजार रुपए की मानदेय बढ़ोतरी से चौकीदारों का मनोबल ऊंचा होगा। गौरतलब है कि ग्राम प्रहरी जिन्हें ग्रामीण चौकीदार के नाम से संबोधित करते हैं , वही चौकीदार गांवों में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं । गांवों में चौकीदार की बहुत इज्जत होती है । इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस लाइन लखीमपुर में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ग्राम प्रहरी सम्मान सम्मेलन का सजीव प्रसारण किया गया । कार्यक्रम डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें एएसपी पश्चिमी अमित राय , एएसपी पूर्वी सुधीर कुमार , सीओ सिटी महक शर्मा तथा नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में चौकीदार उपस्थित रहे । गौरतलब है कि देश के ताकतवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खुद को चौकीदार मानते हैं ।